# हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(नवम् सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

## शुक्रवार, 11 सितम्बर, 2020/20 भाद्रपद, 1942 (शक्)

----

**[मुख्य मन्त्री - जल शक्ति मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री - तकनीकी शिक्षा मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री - वन मन्त्री तथा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री ].**

**कुल प्रश्न - 43**

----

### वेंटिलेटरस

*3022 **श्री जगत सिंह नेगी(किन्नौर) :**
**श्री नन्द लाल(रामपुर) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश को केन्द्र सरकार से किस कम्पनी द्वारा निर्मित, किस-किस Specification के कितने वेंटिलेटर उपलब्ध करवाए गए; ब्यौरा कीमत सहित दें;

(ख) इन वेंटिलेटरस को प्रदेश के किन-किन अस्पतालों में आवंटित किया गया तथा कितने वेंटिलेटरस कार्यरत (functional) हैं; ब्यौरा अस्पतालवार दें; और

(ग) प्रदेश में कितने आइसोलेशन सेन्टर चयनित किए गए हैं, क्या उनमें वेंटिलेटर की सुविधा उपलब्ध है; ब्यौरा दें?

----

### Athletic Academy

*3023 **श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार हमीरपुर में Athletic Track की

उपलब्धता के दृष्टिगत Athletic Academy स्थापित करने का विचार रखती है; यदि हां तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

----

## भवन निर्माण

***3024 श्री मुलख राज (बैजनाथ)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत बन रहे फ़ायर स्टेशन भवन का निर्माण कार्य लम्बित पड़ा है; यदि हां, तो कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा?

----

## प्राकृतिक आपदा से नुकसान

***3025 श्री रमेश चंद ध्वाला(ज्वालामुखी) ः**
**श्री अरुण कुमार(नगरोटा) ः**
**श्री जिया लाल (भरमौर) ः**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत वर्ष दिनांक 31.07.2020 तक प्रदेश में वर्षा, बर्फबारी व आगजनी से कितने मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं तथा इनकी मरम्मत हेतु कितनी धनराशि आवंटित की गई; ब्यौरा जिलावार दें;

(ख) क्या सरकार प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की भरपाई करने हेतु धनराशि बढ़ाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण;

(ग) प्रदेश भर में ग्राम सभाओं का आयोजन न होने के कारण बरसात में क्षतिग्रस्त या ढह चुके मकानों के निर्माण हेतु धनराशि की स्वीकृति ग्राम सभा के प्रस्ताव न होने के कारण नहीं मिल पा रही है; यदि हां, तो सरकार इसके स्थान पर कोई वैकल्पिक व्यवस्था कर रही है; ब्यौरा दें; और

(घ) मकानों के पुनर्निर्माण हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना से भी धनराशि आवंटित की गई है; ब्यौरा दें?

----

## New Education Policy

***3026 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Education Minister** be pleased to state whether the Government is going to implement the New Education Policy in the State; a copy of the New Education Policy be laid on the Table of the House?

----

## बिजली समस्या

***3027 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ऐसे कितने घर हैं जिनको बिजली की सुविधा प्रदान नहीं की गई है तथा कितने गांव ऐसे हैं जहां पर Low Voltage की समस्या है; और

(ख) गत 2 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक कितने लोगों ने नए विद्युत मीटर के लिए आवेदन किया है; कितने लग चुके हैं; कितने शेष हैं; ब्यौरा गांववार व नामवार दें?

----

## बिजली की दरें

***3028 श्री मुकेश अग्निहोत्री(हरोली) :**
**श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी) :**
**श्री हर्षवर्धन चौहान(शिलाई) :**
**श्री लखविन्द्र सिंह राणा(नालागढ़) :**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा बिजली की दरों एवं अन्य शुल्क में वृद्धि की गई है; यदि हां, तो कितनी; पुरानी तथा नई दरों का उपभोक्ता श्रेणीवार ब्यौरा दें;

(ख) दरों में वृद्धि के क्या कारण रहे तथा इससे सरकार को प्रति यूनिट कितना लाभ होगा;

(ग) वर्तमान में उपभोक्ताओं को कितने यूनिट बिजली मुफ्त प्रदान की जा रही है; और

(घ) कोविड-19 के दृष्टिगत सरकार बिजली दरों को कम करने व माफ करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## Out Sourced Employees

***3029 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that UTRI has engaged out-sourced employees in the HPSEBL; details of each employee with address, designation, date of interview, date of employment with terms of employment condition, pay and allowances and statutory deductions being made be given; and

(b) has the principal employer counter checked whether the out-sourced company is abiding with the statutory law on a monthly basis especially at the time of disbursement of monthly wages and deductions are made as per law?

----

## धार्मिक सांस्कृतिक पर्यटन

***3030 डॉ0 (कर्नल) धनी राम शांडिल (सोलन):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में धार्मिक सांस्कृतिक पर्यटन की अपार सम्भावनाओं के दृष्टिगत क्या सरकार इसके लिए बोर्ड गठित करने का विचार रखती है ?

----

## Diet Money

***3031 Sh. Rajinder Rana(Sujanpur) :**
**Sh. Vikramaditya Singh(Shimla Rural) :**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) how much diet money is being paid to the Police personnels at present; and

(b) whether Government is considering to increase the diet money?

----

## सांस्कृतिक केन्द्र

***3032 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि पर्यटन विभाग सुन्दरनगर में सांस्कृतिक केन्द्र खोलने का विचार रखता है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

----

## पदपूर्ति

***3033 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के उप-मण्डल डोडरा-क्वार के अन्तर्गत विभिन्न विभागों में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त पड़े हैं तथा इनको भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा विभागवार दें?

----

## सम्पर्क मार्ग

***3034 कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि विभिन्न विभागों द्वारा विभिन्न स्त्रोतों से गांवों में सम्पर्क मार्गों का निर्माण किया जाता है; यदि हां, तो सरकार द्वारा इन सम्पर्क मार्गों के रख-रखाव हेतु क्या नीति निर्धारित की गई है; ब्यौरा दें?

----

## वरिष्ठता लाभ

***3035 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग तथा हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग द्वारा वर्ष 2008, 2009 व 2010 में सीधी भर्ती द्वारा अनुबंध आधार पर प्रवक्ता, TGT, LT तथा OT नियुक्त किये गए थे; यदि हां, तो इन अध्यापकों को नियमित होने पर प्रथम नियुक्ति से वरिष्ठता देने का सरकार विचार रखती है?

----

## स्वीकृत धनराशि

***3036 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि कोविड-19 के दृष्टिगत सरकार द्वारा उप-मण्डलाधिकारी, शिमला (ग्रामीण) को कितनी धनराशि स्वीकृत की गई तथा कसुम्पटी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की किस-किस पंचायत में धनराशि व्यय की गई; पंचायतवार ब्यौरा दें?

----

## होम्योपैथी चिकित्सा सुविधा

***3037 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार आयुष्मान योजना के अन्तर्गत होम्योपैथी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु क्या पग उठा रही है प्रदेश में होम्योपैथी के कितने चिकित्सा केन्द्र स्थापित हैं; इनमें विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं, कितने रिक्त हैं तथा रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

----

## पैंशन सुविधा

***3038 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि कुछेक निगमों और बोर्डों से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को पैंशन प्रदान नहीं की जाती है और क्या सरकार इनको पैंशन प्रदान करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

----

## विस्थापितों को भूमि

***3039 श्री होशयार सिंह (देहरा):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) पौंग डैम विस्थापितों को भूमि आवंटित करते समय विस्थापितों की समिति से परामर्श किया गया था; यदि हां, तो आवंटित भूमि सिंचाई योग्य है तथा अस्पताल, स्कूल, कॉलेज व बाजार की सुविधा पांच किलोमीटर के दायरे में है; और

(ख) इस आवंटित भूमि का चयन करते समय राजस्व अधिकारियों ने निरीक्षण किया था; यदि हां, तो निरीक्षण रिपोर्ट की प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## शहीद सैनिक

***3040 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी ):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार जिला सिरमौर में हाल ही में शहीद हुए सैनिक के परिवार को सहायता प्रदान करने तथा शहीद की यादगार में किसी सड़क या स्कूल का नाम रखने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण?

----

## सड़क निर्माण

***3041 श्री हीरा लाल(करसोग) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि लोक निर्माण मण्डल करसोग के अन्तर्गत नाबार्ड द्वारा निर्मित काहणों-दूरकनों -प्रानण तथा करसोग से परलोग सड़कों का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## निगम /बोर्ड

***3042 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) प्रदेश में ऐसे कितने निगम व बोर्ड हैं जो घाटे में चल रहे हैं; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक इन निगमों व बोर्डों के चेयरमैन और वाइस-चेयरमैन पर कितनी धनराशि व्यय की गई, ब्यौरा निगम व बोर्डवार दें?

----

## Science/Commerce Stream

***3043 Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Education Minister** be pleased to state the number of GSSS which does not have Science and Commerce streams in Rampur Constituency and

by when these stream, will be started in the left out schools; details be given?

----

## लम्बलू आयुर्वेदिक अस्पताल

***3044 श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि हमीरपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आयुर्वेदिक अस्पताल लम्बलू में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं; कितने रिक्त हैं तथा रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा श्रेणीवार दें?

----

## साईंस लैब का निर्माण

***3045 श्री मुलख राज (बैजनाथ):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बीड़ में साईंस लैब के निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत है; कितनी व्यय की गई है; कितना कार्य पूर्ण हो चुका है तथा कितना शेष है; ब्यौरा दें?

----

## आवासीय कॉलोनी

***3046 श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि नगरोटा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों की आवासीय कॉलोनी का निर्माण किया जाना प्रस्तावित था; यदि हां, तो कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## Works Under Execution

***3047 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state :-

(a) how many sanctioned works of all Heads are under execution in Development Blocks Salooni & Bhattiyat;

(b) how many sanctioned works are pending for execution; and

(c) what is the total amount involved; details be given?

----

## सड़क निर्माण

***3048 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि द्रम्मण-किलाड़ वाया जोत-चम्बा-तीसा सड़क के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## विधायक प्राथमिकताएं

***3049 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक विधायक प्राथमिकता की कितनी योजनाएं स्वीकृत हुई और कितनी लम्बित हैं तथा कितनी योजनाओं की DPRs तैयार की गई हैं; ब्यौरा दें?

----

## Change of Kisam

***3050 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) what are the provisions of Law which permit the Settlement Officer for changing the kisam of land from dense forest to Ghasni; when was the kisam of land of Kyari Jungle under DFO Theog changed; all relevant papers be laid on the Table of the House;

(b) how many bighas of land is owned by Mahasu Trading Company Premghat and who are the Directors of the Company and what is the share of each Director in the land sold by Madhan Princely State to Mahasu Trading Company Premghat in the year 1964; and

(c) when was the permission granted to Mahasu Trading Company Premghat to Change the land use of Kiyari Jungle?

----

## Mushroom Institute

***3051 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state whether there is any proposal to shift Mushroom Institute Solan to any other place in the State?

----

## बी0एस0सी0 एग्रीकल्चर डिग्री

***3052 श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि वर्ष 2018 से पूर्व बाहरी राज्यों के निजी संस्थानों से बी0एस0सी0 (एग्रीकल्चर) की डिग्री प्रदेश में मान्य थी; और

(ख) यदि हां, तो वर्ष 2018 के बाद ऐसे संस्थानों पर आई0सी0ए0आर0 से मान्यता की शर्त लगाने के उपरान्त, ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने वर्ष 2018 के बाद अपनी बी0एस0सी0 (एग्रीकल्चर) की डिग्री पूर्ण कर ली है सरकार उन्हें राहत प्रदान करने के लिए कोई नियम बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

----

## Jal Rakshaks

***3053 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) how much honorarium has been paid per month to the Jal Rakshaks appointed by the Jal Shakti Department and Gram Panchayats in the Pradesh; and

(b) whether the Government is considering to increase the honorarium and framing a policy for their regularization?

----

## अधिकारी/कर्मचारी

***3054 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में कितने अधिकारी/कर्मचारी Fixed Medical Allowance और कितने Open

Medical Reimbursement लेते हैं; और

(ख) वित्तीय वर्ष 2018-19 में प्रदेश के उक्त अधिकारियों/कर्मचारियों पर चिकित्सा प्रतिपूर्ति पर कुल कितना व्यय हुआ; ब्यौरा दें?

----

## अधिसूचना की वापसी

***3055 श्री मुकेश अग्निहोत्री(हरोली) :**
**श्री अनिरूद्ध सिंह(कसुम्पटी) :**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित इमारतों/भवनों को गैर-कृषकों को लीज़ पर देने के प्रावधानों की अधिसूचना 17 अगस्त, 2020 को वापस ले ली है; यदि हां, तो कारण;

(ख) अधिसूचना वापिस लेने से पूर्व कितनी Lease गैर-कृषकों के साथ हुईं; कितनों ने भूमि की एवज में लोन लिया था और सरकार इस लोन को माफ करने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण; और

(ग) धारा-118 के प्रावधानों के अन्तर्गत ग्रामीण एवं शहरी लीज मामलों के अलग-अलग प्रावधान सही हैं; यदि नहीं, तो सरकार इस विषय में निर्णय लेगी?

----

## सड़कों का रख-रखाव

***3056 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष दिनांक 31-07-2020 तक पुरानी सम्पर्क सड़कों के रख-रखाव हेतु सरकार द्वारा कितनी धनराशि स्वीकृत की गई तथा इनके रख-रखाव हेतु सरकार ने कोई विस्तृत योजना बनाई है; ब्यौरा दें?

----

## Incomplete Schemes

***3057 Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) how many water supply and irrigation schemes are incomplete in Shillai Jal Shakti Division; details be given scheme-wise; and

(b) when were the tenders of these schemes awarded and by when the works will be completed?

----

## औद्योगिक क्षेत्र

***3058 श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि उप-मंडल नालागढ़ के अन्तर्गत दभोटा में प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र के लिए कितनी भूमि चिन्हित की गई है तथा कितनी भूमि उद्योग विभाग के नाम है; इस औद्योगिक क्षेत्र को कब तक स्वीकृति प्रदान कर दी जाएगी?

----

## बी0पी0एल0 परिवार

***3059 कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में बी0पी0एल0 परिवारों की कितनी संख्या है; ब्यौरा जिलावार दें; और

(ख) इनके चयन के क्या मापदण्ड हैं तथा मापदण्डों की अवहेलना के मामलों में क्या कार्रवाई की जाती है; ब्यौरा दें?

----

## लोकमित्र केन्द्र

***3060 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **तकनीकी शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार लोकमित्र केन्द्रों का कमीशन बढ़ाने तथा साइबर कैफ़े के रेट निर्धारित करने का विचार रखती है?

----

## जल विद्युत परियोजना

***3061 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत जोगिन्द्रनगर में 141 मैगावाट थाना प्लोन जल विद्युत परियोजना का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा?

----

## स्वर्णिम दृष्टि पत्र

***3062 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि प्रदेश सरकार ने स्वर्णिम दृष्टि पत्र को सरकारी नीति दस्तावेज़ बनाया है; यदि हां, तो स्वर्णिम दृष्टि पत्र को कार्यान्वित कर दिया गया है; यदि नहीं, तो कारण?

----

## कामगारों को लाभ

***3063 श्री होशयार सिंह (देहरा):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड ने देहरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने कामगारों को मनरेगा के तहत 90 कार्य दिवस पूरे करने पर क्या-क्या लाभ दिए; ब्यौरा नाम व पते सहित दें?

----

## राजकीय महाविद्यालय ददाहू

***3064 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी ):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) राजकीय महाविद्यालय ददाहू की कक्षाएं किस वर्ष आरम्भ की गई थीं व वर्तमान में कितने विद्यार्थी इस महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं; और

(ख) इस महाविद्यालय के लिए भूमि का चयन कर लिया गया है; यदि हां, तो भवन निर्माण का कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा?

----

**शिमला: 171004.** **यशपाल शर्मा,**
**दिनांक: 26 अगस्त, 2020.** **सचिव।**